# आदेश

रिट याचिका संख्या:15241/2025 मुख्य आरक्षी ना0पु0/052150114 अमित शर्मा बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 07.11.2025 को पारित किये गये आदेश के अनुपालन में मुख्य आरक्षी ना0पु0/052150114 अमित कुमार शर्मा को प्रशासनिक आधार पर रिक्ति के सापेक्ष कमि0 गौतमबुद्धनगर से जनपद झाँसी तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित किया जाता है। यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्या:एएसपी–(ई–1)–(मा0 उच्च न्यायालय/प्रशासनिक)–829/2025 दिनांक 22.12.2025** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

उक्त कर्मी को 10 दिवस के अन्दर (दिनांक 01.01.2026 तक) अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाये। विलम्ब से कार्यमुक्त करने के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित किये जाते हैं तो आपके कार्यालय के समबन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उक्त कर्मी के संबंध में पूर्व में मुख्यालय/जोन/परिक्षेत्र स्तर से निर्गत सभी स्थानांतरण/सम्बद्धता आदेश निरस्त समझे जायेगें।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-(829)/2025/1789 DT 22-12-2025

(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**चतुर्थ तल,(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002**

**संख्या:डीजी–चार–स्था0–(829)/2025/1789** **दिनांक:दिसम्बर 22, 2025**

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. पुलिस आयुक्त, गौतमबुद्धनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त मुख्य आरक्षी को निर्धारित तिथि के अन्दर स्थानांतरित स्थान हेतु कार्यमुक्त करते हुए प्रस्थान कराये जाने की तिथि से सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद झाँसी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त मुख्य आरक्षी के जनपद में आगमन की सूचना से सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर ज़ोन, कानपुर/पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या:डीजी–चार–स्था0(निर्देश)/2017/900 दिनांक 22.06.2017 में **प्रशासनिक स्थानान्तरण शीर्षक** के अन्तर्गत निहित निर्देशानुसार उक्त मुख्य आरक्षी को जनपद में आगमन करने की तिथि से 02 वर्ष के पूर्व स्थानांतरित न किया जाए।

<u>संख्या तथा दिनांक वही</u>

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित:–**

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।